हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 24 जून 2024

04 दो बूंद जिंदगी की पिलाकर की गई पल्स पोलियो ...



07 घटिया बेस के चलते सप्लाई के पूर्व ही टेड़े हुए विद्युत पोल





## खबर संक्षेप

### बारिश के दौरान करंट से बचने के उपाय बताए

**सीहोर।** मानसूनी मौसम के दौरान हवा में नमी के कारण करंट लगने की आशंका ज्यादा रहती है। करंट से लोगों की मौत हो जाती है। इनमें से ज्यादातर मौतों को टाला जा सकता है। ज्यादातर मौतें घरों में अर्थिंग नहीं होने या कमजोर अर्थिंग की वजह से होती है। अर्थिंग या तो स्थानीय स्रोत से प्राप्त की जा सकती हैं या घर पर ही गहरा गढ़डा खोदकर खुद बनाई जा सकती हैं। घर में अर्थिंग की उचित व्यवस्था करें। हरे रंग के तार को हमेशा याद रखें, इसके बिना कभी बिजली उपकरण का प्रयोग न करें, खास कर जब यह पानी के स्रोत को छू रहा हो। पानी करंट के प्रवाह की गति को बढ़ा देता है, इसलिए नमी वाले माहौल में अतिरिक्त सावधानी रखें। तीन पिन वाले प्लग का प्रयोग करते समय ध्यान रखें कि तीनों तार जुड़े हों और पिनें खराब न हों। तारों को सॉकेट में लगाने के लिए माचिस की तीलियों का प्रयोग न करें। किसी भी तार को तब तक न छुएं, जब तक बिजली बंद न कर दी गई हो। अर्थिंग के तार को न्यूट्रल के विकल्प के तौर पर प्रयोग न करें। सभी जोड़ों पर बिजली वाली टेप लगाएं, न कि सेलोटेप या बेंडेड।

### कृषि योजनाओं के लिए एमपी किसान पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य

**सीहोर।** कृषि विभाग की विभिन्न योजना अंतर्गत बीज,सिंचाई यंत्र एवं आदान सामग्री आदि का लाभ लेने के लिए जिले के कृषक किसान पोर्टल एमपी किसान पर ऑनलाइन पंजीयन करायें। पंजीयन के लिए बेब ब्राउजर पर kisan.mp.gov.in बेब साईट के माध्यम से स्वंय या नजदीकी एमपीऑनलाइन पर जाकर आवेदन करें।

### बीजों के विक्रेता को लाइसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लाइसेंस लिए बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिए विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लाइसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लाइसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज कार्यवाही की जाएगी।

## विधायक, कलेक्टर और नगर पालिका अध्यक्ष ने जिला चिकित्सालय में पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ

# 1604 पोलियो बूथ बनाकर दो बूंद जिंदगी की पिलाकर की पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत

### पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का दिलाया गया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





जिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर तथा कलेक्टर प्रवीण सिंह ने दो बूंद जिंदगी की पोलियो ड्राप पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान जिले में 23 जून से 25 जून तक चलाया जाएगा।

विधायक सुदेश राय तथा कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों, शासकीय सेवकों को अपने परिवार तथा आसपास के 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का संकल्प दिलाने के साथ ही सभी आमजन से शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाकर देश का भविष्य सुरक्षित करने की अपील की है। उन्होंने आह्वान किया कि सभी यह सुनिश्चित करें की इस अभियान में कोई भी बच्चा पोलियो रोधी खुराक पीने से वंचित न रहे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सुधीर कुमार डेहरिया, सिविल सर्जन डॉक्टर प्रवीर गुप्ता सहित अन्य चिकित्सक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह के दिशा निर्देशन में सूक्ष्म कार्ययोजना बनाकर व्यापक तैयारियां की गई है। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान अभियान के अंतर्गत 23 जून को पोलियो बूथ पर तथा 24 एवं 25 जून 2024 को पोलियो खुराक से छूटे बच्चों को घर-घर पहुंचकर दो बूंद जिंदगी की पिलाई जाएगी। शून्य से 5 वर्ष तक के करीब एक लाख 98 हजार 310 बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

पल्स पोलियो अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए कुल 1604 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। जिसमें 1443 बी टाईप बूथ एवं 161 सी टाईप बूथ हैं। अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है तथा समस्त विकासखण्ड स्तर पर मॉनीटरिंग की जा रही है। इस अभियान के लिए 43 मोबाईल टीमों को दो बूंद पिलाने के लिए मैदानी स्तर पर तैनात किया गया है। इस अभियान में 55 ट्रांजिट टीमों को लगाया गया है। 3632 वैक्सीनेटर, 210 सुपरवाईजर्स तथा 70 वाहनों को अभियान की सफलता में लगाया गया है।

#### विकासखंडवार जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों की संख्या

जिले में 01 लाख 98 हजार 310 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसमें आष्टा विकासखण्ड में 52 हजार 957, बुदनी 21 हजार 295, इछावर 22 हजार 701, भैरूंदा 31 हजार 676. श्यामपुर 48 हजार 279 बच्चों तथा जिला चिकित्सालय शहरी क्षेत्र में 21 हजार 502 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## अनुमान : आज जिले में प्रवेश कर सकता है मानसून



**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में 8.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 5.2 मिलीमीटर, श्यामपुर में 19.0, आष्टा में 10.0, जावर में 5.0, इछावर में 0.0, भैरूंदा में 0.4, बुधनी में 12.0, रेहटी में 18.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। रविवार को दोपहर तक आसमान पर बादल छाए रहे, लेकिन बारिश नहीं हुई। मौसम विभाग का अनुमान है कि आज जिले में मानसून प्रवेश करेगा और झमाझम बारिश हो सकती है।

गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 29.1 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। जानकारी के अनुसार 01 जून से 23 जून 2024 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 146.6, मिलीमीटर, श्यामपुर में 59.0, आष्टा में 75.0, जावर में 55.0, इछावर में 156.0, भैरूंदा में 25.4, बुधनी में 28.0 तथा रेहटी में 47.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## अहमदपुर पुलिस ने ज्यादती के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सीहोर।** दिनांक 1 जून 2024 को सूचनाकर्ता निवासी ग्राम पारवा थाना अहमदपुर ने अपनी बहन की लड़की की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दौराने जांच गुमशुदा को 4 जून को दस्तयाब किया गया। जिसने अपने कथनों में बताया की मैं पारवा मुंडन के कार्यक्रम में आई थी। वही पर मुझे राकेश पिता मांगीलाल सेहरिया निवासी पटेरा का मिला जिसने मुझे बहला फुसला कर अपने साथ मोटर साईकल से ले गया ओर मेरे साथ गलत काम किया। गुमशुदा के कथनों के आधार पर प्रकरण में ज्यादती की धारा इजाफा की गई। प्रकरण की गंभीरता के दृष्टीगत पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग एवं अनु.वि.अधिकारी पुलिस पूजा शर्मा के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी अहमदपुर अविनाश भोपले के नेतृत्व में आरोपी की तलाश के लिए टीम गठित कि गई। अहमदपुर पुलिस को मुखबिर सूचना एवं तकनिकी सहायता से 22 जून को ज्यादती के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त मोटर साईकल जब्त की।

आरोपी राकेश पिता मांगीलाल सेहरिया 22 साल निवासी पटेरा थाना अहमदपुर न्यायालय सीहोर पेश किया। उप निरीक्षक अविनाश भोपले थाना प्रभारी अहमदपुर, सउनि पर्वत सिह मीणा,प्रआर 597 राजेश, आर. 247 वीरेन्द्र सिंह,आर 491 राधेश्याम पटेल, आर. 81 राजाबाबू, सैनिक 184 कुमेर सिंह, सैनिक 309 कृष्णपाल सिह,सैनिक 251 ज्ञान सिंह की सराहनीय काम रहा है।

## भाऊखेड़ी में ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर: चकनाचूर हुई बाइक, समय पर ब्रेक न लगने की वजह से हुआ हादसा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले की इछावर जनपद पंचायत के ग्राम भाऊखेड़ी में एक ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। इसमें भिड़ंत में दो बाइकें चकनाचूर हो गईं। समय पर ब्रेक न लग पाने की वजह से यह हादसा हुआ।

घटना सुबह करीब 8:50 एसबीएम स्कूल के पास की है। एक सोनालिक ट्रैक्टर भाऊखेड़ी जोड़ की ओर अपने खेत पर बोवनी के लिए जा रहा था। तभी सामने से एक बाइक आ रही थीं। वह गलत साइड चल रही थी। एकदम से अचानक ट्रैक्टर के सामने वह आई तो उसे बचाने के चक्कर में यह हादसा हो गया। ट्रैक्टर सामने से आती बाइक में भिड़े इसलिस चालक ने उसकी स्टीयरिंग मोड़ दी। इस दौरान सामने से आ रहा बाइक चालक तो बच गया लेकिन ट्रैक्टर में समय पर ब्रेक न लग पाने की वजह से वह साइड में रखी दो बाइकों के ऊपर चढ़ गया। गनीमत रही दोनों बाइकों पर कोई व्यक्ति नहीं था। वरना इस भिड़ंत में उनकी हालत खराब हो जाती। भिड़ंत देखकर मौके पर लोग एकट्ठा हुए। ट्रैक्टर चालक ने बाइक मालिकों से दुर्घटना में मिटी बाइकों को सुधारने का हर्जाना देने की बात कही है।

## राज्य सेवा और राज्य वन सेवा की परीक्षा जिले के छह परीक्षा केंद्रों पर हुई संपन्न

### प्रथम और द्वितीय सत्र में 1533 परीक्षार्थी हुए शामिल, 498 रहे अनुपस्थित



**सीहोर।** मध्यप्रदेश राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा की प्रारंभिक परीक्षा 23 जून को जिला मुख्यालय के 6 केंद्रों पर दो सत्रों में आयोजित की गई। इस परीक्षा में जिला मुख्यालय स्थित परीक्षा केन्द्रों में 2034 परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र आवंटित किए गए थे।

कलेक्टर प्रवीण सिंह ने परीक्षा के दौरान शासकीय चंद्रशेखर आजाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय सहित अन्य परीक्षा केंद्रों में जाकर लोक सेवा आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार परीक्षा संचालन का जायजा लिया तथा केंद्र अध्यक्षों से छात्रों की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली। डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा के नोडल अधिकारी सुधीर कुशवाह ने बताया कि पीएससी परीक्षा में कुल 2034 परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र आवंटित किए गए थे। जिसमें प्रथम सत्र और द्वितीय सत्र में आयोजित परीक्षा में कुल 1533 परीक्षार्थी उपस्थित तथा 498 अनुपस्थित रहे।

## सहायक जेल अधीक्षक और जेल प्रहरी के लिए शारीरिक नापजोख प्रवीणता टेस्ट दो जुलाई से सात जुलाई तक

**सीहोर।** कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल द्वारा सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी की भर्ती के लिए 25 मई से 20 जून 2023 तक लिखित परीक्षा परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसका परीक्षा परिणाम 14 मार्च 2024 को घोषित किया गया है।

सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी के पदों के लिए जेल विभाग द्वारा सफल अभ्यर्थियों के द्वितीय चरण की परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिसमें शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट होगा। प्रथम चरण में चयनित उम्मीदवारों का शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट मोतीलाल नेहरूपुलिस स्टेडियमभोपाल में 02 जुलाई से 07 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा, जिसका विस्तृत विवरण मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल भोपाल की वेबसाइट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध है। सफल 'अभ्यर्थी वेबसाइट पर उपलब्ध प्रपत्रों को निकालकर नियत तिथि पर आवश्यक दस्तावेजों एवं जानकारी सहित शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट के लिए उपस्थित हो सकते हैं।

सहायक जेल अधीक्षक के 33 पद एवं जेल प्रहरी के 200 पदों के लिए कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल द्वारा क्रमशः 414 एवं 2264 अभ्यर्थियों को द्वितीय चरण के लिए पात्र पाया गया है, जिनका द्वितीय चरण में शारीरिक नाप जोख एवं प्रवीणता टेस्ट लिया जाना है। शारीरिक नाप जोख एवं प्रवीणता टेस्ट में योग्य पाए जाने वाले अभ्यर्थियों में से मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल अंतिम चयन सूची जारी करेगा, जिन्हें जेल विभाग द्वारा प्रहरी के पद पर नियुक्ति प्रदान की जाएगी।

## ट्रक का आधा हिस्सा और मंदिर की दीवार क्षतिग्रस्त, ड्राइवर को आईं गंभीर चोटें



**सीहोर।** जिले की इछावर जनपद पंचायत के भाऊखेड़ी में एक ट्रक जैन मंदिर से टकरा गया। मंदिर क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रक भी आगे से क्षतिग्रस्त हो गया।

लोगों ने बताया कि घटना शनिवार-रविवार की दरमियानी रात की है। एक ट्रक (MP 09 DE 4761) तेज रफ्तार आमलाहा से इछावर की ओर जा रहा था। वह होकर जैन मंदिर की दीवार में टकरा गया। ट्रक की रफ्तार तेज होने की वजह से जब वह टकराया तो उसका आगे का आधा हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं मंदिर की दीवार भी क्षतिग्रस्त हुई है। ट्रक चालक को गंभीर चोटें आई हैं। ग्राम भाऊ खेड़ी में बीती रात को हुआ हादसा तेज रफ्तार ट्रक ग्राम भाऊँखेड़ी के जैन मंदिर में जा घुसा जिससे मन्दिर छतिग्रस्त हो गया वही ट्रक चालक को गंभीर चोटें आईं है। गाड़ी नंबर MP 09 DE 4761। ट्रक आमलाहा से इछावर की ओर जा रहा था इसी के बीच ग्राम भाऊ खेड़ी राम मंदिर के पास जैन मंदिर में टकराया।

### जिला अस्पताल में पदस्थ विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी मर्जी से आते-जाते हैं

# नाक-कान और गले के मरीजों को नहीं मिल रहा इलाज अस्पताल में दो ईएनटी विशेषज्ञ पदस्थ फिर भी भटक रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




जिला अस्पताल में पर्याप्त स्वास्थ्य संसाधन होने के बाद भी जररूरतमंद लोगों को बेहतर इलाज नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में लोग निजी अस्पतालों में मंहगा इलाज कराने को मजबूर हैं। जिला अस्पताल में पदस्थ विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी मर्जी से आते-जाते हैं। ड्यूटी के समय की इन्हें कोई परवाह नहीं है। न ही इन्हें मरीजों की चिंता है।

**नाक-कान और गला के मरीजों को नहीं मिल रहा इलाज :** जिला अस्पताल में दो नाक-कान और गला विशेषज्ञ के रूप में डॉ. सुधीर श्रीवास्तव और डॉ. प्रवीर गुप्ता पदस्थ हैं। लेकिन बावजूद इसके मरीजों को इलाज नहीं मिल पा रहा है। डॉ. सुधीर श्रीवास्तव अधिकांश समय अपने कक्ष से गायब रहते हैं। मरीज यहां-वहां भटकते रहते हैं। घंटों इंतजार करते रहते हैं। लेकिन उन्हें इलाज कराने डॉक्टर नहीं मिलता। मजबूरन लोगों को प्राइवेट डॉक्टर से इलाज कराना पड़ता है।

### दो डॉक्टर पदस्थ फिर भी भटक रहे मरीज

जिला अस्पताल में दो ईएनटी विशेषज्ञ उपलब्ध हैं। डॉ. सुधीर श्रीवास्तव जिन्हें आरएमओ और ब्लड बैंक प्रभारी बनाया गया है। वहीं दूसरे डॉ. प्रवीर गुप्ता हैं, जो सिविल सर्जन हैं। दोनों की ही व्यवस्ताएं बनी रहती हैं। बताया गया कि दोनों ही डॉक्टर प्रबंधन के कार्यों में व्यस्त रहते हैं। लंबे समय से जिला अस्पताल में ऐसे हालात बने हैं। इसके बावजूद भी ईएनटी मरीजों के लिए अतिरिक्त डॉक्टर की व्यवस्था नहीं की जा रही।

ओपीडी के समय पर विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं आते हैं, जिससे मरीज घंटों परेशान होते रहते हैं। ओपीडी का समय सुबह 9 बजे है। लेकिन, डॉक्टर 10 बजे पहुंचते हैं। इसके बाद दोपहर से पहले ही निकल जाते हैं। जबकि शाम 5 से 6 बजे भी डयूटी करने के निर्देश हैं। लेकिन, शाम को डॉक्टर अस्पताल नहीं आते हैं। इस मामले में सिविल सर्जन डॉ. प्रवीर गुप्ता का कहना है कि डॉ. सुधीर श्रीवास्तव को ब्लड बैंक की जिम्मेदारी है। आरएमओ होने के कारण भी वह व्यस्त रहते हैं। लेकिन, मरीजों को भी देखना है। मैं खुद भी मरीजों को देखता हूं।

## खबर संक्षेप



### आवासीय ने आरएसआई को 2-0 से हराया

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर जिला फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में खेली जा रही बेबी लीग खेल मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत शनिवार की शाम को प्रतियोगिता के चौथे दिन दो मैच खेले गए थे। इसमें पहला मैच आवासीय विद्यालय ने आरएसआई को 2-0 से हराया। इसके अलावा एक कांटे का मुकाबला सीहोर बाइज और डीएसवायडब्ल्यू के मध्य खेला गया। इसमें सीहोर बाइज 1-0 से विजय रहा। शनिवार की शाम को खेले गए पहले मैच में आवासीय ने आरएसआई को एक तरफा मुकाबले में 2-0 से हराया। इस एक तरफा मुकाबले में मैच के आरंभ में आवासीय की ओर से निखिल डागर और अनिकेत के एक-एक गोल से बढ़त बनाई थी।

### निम्नागांव में पल्स पोलियो अभियान



**भैरुंदा।** ग्राम पंचायत निम्नागांव में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत आज से पोलियो से बचाव के लिए दवा पिलाई जा रही है। यहां के आंगनबाड़ी केंद्र पर सुबह 8 बजे से इसकी शुरुआत की गई। महिलाएं सुबह से ही अपने 5 साल तक के बच्चों को लेकर दवा पिलाने पहुंच गईं। 25 जून तक इस अभियान के तहत बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। आशा कार्यकर्ता केंद्र पर दवा पिला रही हैं। वहीं दो दिन वह घर-घर जाकर तय आयु सीमा के बच्चों को पोलियो से बचाव के लिए दवा पिलाएंगीं।

### जिले में जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों को पिलाई गई पोलियो की दवा

# जिले में जन्म से 5 वर्ष तक के हजारों बच्चों को पिलाई गई दो बूंद जिंदगी की

जिला अस्पताल में 11 बजे पोलियो अभियान का किया गया शुभारंभ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

जिले में रविवार को जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। जिला और ब्लॉक स्तर पर अभियान का शुभारम्भ जनप्रतिनिधियों के माध्यम से किया गया। जिला अस्पताल देवास में सुबह 11 बजे अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर ऋष व गुप्ता ने जिले के प्रशासनिक अधिकारियों, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, आर्युवेद विभाग, वन विभाग, नगरीय निकाय, पंचायत विभाग को निर्देशित किया कि जिले में पल्स पोलियो अभियान के दौरान 5 वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियो की दवा पीने से वंचित न रहे। इस कार्य में वे सक्रिय रूप से स्वास्थ्य विभाग को सहयोग करें, अपने मैदानी अमले को इस कार्य में सहयोग करने हेतु निर्देशित करें और निरन्तर मॉनिटरिंग करें। अभियान की सतत निगरानी और मॉनिटरिंग करने प्रत्येक दो-दो घंटे मे कन्ट्रोल रूम के माध्यम से रिपोर्ट और फीडबैक लेने की व्यवस्था की गई थी।

कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ.सुनील तिवारी ने बताया कि देवास जिले में कुल 1786 बी एवं सी बूथ बनाए गए, जिसमें 1245 बी बूथ एवं 541 सी बूथ बनाए गए, इसी प्रकार ट्रांजिट टीम 42 एवं मोबाइल टीम 19 है। देवास जिले में जन्म से 5 वर्ष तक के कुल 190366 बच्चे पल्स पोलियो अभियान में दवा पिलाने हेतु चिन्हित किए गए थे।



जिसमें देवास शहरी क्षेत्र 34599,विकासखण्ड बरोठा. 27744 ,विकासखण्ड सोनकच्छ 20540,विकासखण्ड टोंकखुर्द 15809,विकासखण्ड बागली 38288 ,विकासखण्ड खातेगांव 22400 एवं विकासखंड कन्नौद 30986 बच्चे हैं। इस हेतु आवश्यक वैक्सीन जिला वैक्सीन स्टोर के माध्यम से समस्त वैक्सीन फोकल पॉइंट में समय पर उपलब्ध करा दी जावेगी। वैक्सीन के अतिरिक्त समस्त संसाधन जैसे वैक्सीन कैरियर, आईसपैक आईएलआर,डिपफिजर, कोल्डबाक्स आदि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जा चुका है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.शिवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि भारत देश 2014 में पल्स पोलियो मुक्त हो चुका है मप्र में 2008 में जबलपुर नगरीय क्षेत्र में एक पोलियो का अंतिम कैस चिन्हित हुआ था उसके बाद कोई भी केस नही पाया गया। भारत देश के पड़ोसी राष्ट्रों में पोलियो के केसेस पाये जा रहे हैं, जिसके कारण सावधानी बतौर अभियान चलाया जाकर जन्म से 5 वर्ष तक के समस्त बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभिरक्षित किया जाने का कार्य किया जा रहा है। अभियान के दौरान प्रथम दिवस बूथ पर बच्चों को दवा पिलाई गई एवं द्वितीय तथा तृतीय दिवस 24 और 25 जून को दवा पीने से वंचित रहे बच्चों को घर - घर दवा पिलाई जाएगी। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, नवनिर्माण स्थलों, ईंट भट्टे,क्रेशर खदान, स्लम बस्ती, झुग्गी-झोपड़ी व खेत खलिहान, घुमक्कड डेरों, जेल परिसर तथा औद्योगिक क्षेत्र में भी विशेष रूप से अभियान के अंतर्गत पोलियो की दवा पिलवाने की व्यवस्था की गई है।

## दो बूंद जिंदगी की पिलाकर की गई पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेहटी

भारत में पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत 1995 में की गई थी। यह अभियान भारत सरकार द्वारा चलाया गया एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य पहल है, जिसका उद्देश्य पोलियो वायरस को पूरी तरह से समाप्त करना है। इस अभियान के तहत, जन्म से पांच साल उम्र के सभी बच्चों को पोलियो वैक्सीन की खुराक दी जाती है।

पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों के सहयोग से हुई। इसका मुख्य उद्देश्य पोलियो के प्रसार को रोकना और इसे जड़ से समाप्त करना था। इसके परिणामस्वरूप, 2014 में भारत को पोलियो मुक्त घोषित कर दिया गया।

इसी तरह रेहटी शासकीय स्वास्थ केंद्र में भी पल्स पोलियों अभियान की शुरुआत रामगोपाल टेलर देवी जी ट्रस्ट समिति सदस्य एवं राजीव शर्मा की उपस्थिति में छोटे बच्चो को पोलियो की दो बूंद जिन्दगी की पिलाई कर की गई इस अवसर पर डॉ. अश्विनी दायमा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, डॉ रामनाथ धुसिया चिकित्सा अधिकारी, डॉ. सौरभ ,डॉ राहुल, सागर , संजय जैन, रजत एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे स्वास्थ केंद्र पर दावा पिलाई जाएगी इस के बाद पल्स पोलियो अभियान के दौरान स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इस प्रकार पल्स पोलियो अभियान से भारत को पोलियो मुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाती है।

## बरसात के बाद बुवाई के लिए खेतों में जुटे हैं किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरुंदा

नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में हुई बरसात के बाद किसान खेतों में खरीफ फसलों की बुवाई में जुट गए हैं। इन दिनों बरसाती खेती व कृषि किसानी खेती का सीजन चल रहा है। बरसाती खेती के तहत सोयाबीन, मक्का, उड़द, मूंग आदि फसलों की बुवाई की जाती है। बरसात होने से किसानों को ये फायदा हुआ है कि वो एक साथ अपने खेत में मक्का, सोयाबीन, की फसलों बुवाई कर सकेगे। भैरूंदा के ग्रामीण क्षेत्रों के सस्ली, सिगाव,छीपानेर, नारायणपुरा, बगवाड़ा, रानीपुरा, चोरसखेड़ी, धौलपुर, सहित आसपास के क्षेत्रों में किसान अपने खेतों में फसल की बुवाई कर रहा किसान बताते है बारिश से एक साथ होने से खेती अच्छी होती है और एक साथ ही फसल ऊग जाती है। कुछ



किसानों ने मक्का की बुवाई बारिश से पहले कर थी बारिश नही होने के कारण मक्का की फसल में सिंचाई भी की गई थीं फसल धीरे धीरे से अलग-अलग हिस्सों में उगती है और फसल को उगते समय में देरी होती है।पिछले दो दिनों से जारी बारिश के दौर से गांवों में खेतो में चारों और ट्रैक्टर चलते हुए नजर आ रहे हैं।

**खरीफ बुवाई का लक्ष्य निर्धारित:** किसानों के द्वारा खरीफ बुवाई के लिए विभिन्न फसलों का अलग-अलग लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सबसे ज्यादा मक्का की फसल की बुवाई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। किसानो ने बताया कि अगर बारिश अच्छी होती है तो किसान अपना बुवाई का रकबा मक्का, सोयाबीन की फ़सल हिस्सा का बारा.बार कर लेंगे।पिछले दो दिनों से अच्छी बारिश हो रही है।जो किसानों के लिए लाभदायक है। भैरुंदा। सहित क्षेत्र में शुक्रवार को मानसून की पहली अच्छी बरसात होने के बाद किसानों में खुशी की लहर है। किसान खेतों को तैयार करने में जुटे हैं, ट्रैक्टर आदि से खरीफ फसल की बुवाई भी की जा रही हैं शनिवार, रविवार को ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों में बुवाई करते हुए विभिन्न ट्रैक्टर नजर आए।

## न्यायमूर्ति अग्रवाल ने न्यायालय परिसर में किया पौधरोपण



**सीहोर।** उच्च न्यायालय न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल एवं पोर्टफोलियो न्यायाधिपति ने प्रदेशव्यापी पौधरोपण अभियान के अंतर्गत जिला न्यायालय परिसर में पौधरोपण किया व प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम 5 पौधे लगाने एवं संरक्षण करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष, न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण एवं कर्मचारीगण ने भी पौधरोपण किया। न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल द्वारा जिला न्यायालय परिसर में वाटर हार्वेस्टिंग की पहल के लिए तैयार पिट्स का भी अवलोकन किया गया। मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा 5 जून से 15 अगस्त तक प्रदेशव्यापी विशेष पौधरोपण अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सीहोर जिले में विभिन्न पानी की पर्याप्त उपलब्धता वाले संरक्षित स्थानों पर बड़ी संख्या में पौधरोपण किया जा रहा है।

## बीएसआई योग क्लब के वार्षिक चुनाव संपन्न खापरे संयोजक और भावसार चुने गए अध्यक्ष

**सीहोर।** योग के क्षेत्र की सीहोर नगर की पुरानी और प्रतिष्ठित संस्था बीएसआई योग क्लब की वार्षिक बैठक में सम्पन्न चुनाव में सर्वसम्मति से वर्ष 2024 - 2025 के लिए जिला कोषालय अधिकारी सुधीर खापरे संयोजक और भावसार फ्लेक्स के संचालक सुनील भावसार अध्यक्ष निर्वाचित हुए। 2005 से बीएसआई योग क्लब पर प्रातः योग की क्लासेस नियमित लगती है। योगाचार्य बाबा रामेश्वर जी की प्रेरणा से शुरू हुआ क्लब योग के क्षेत्र में सबसे पुरानी और प्रतिष्ठित संस्था मानी जाती है। निवृतमान संयोजक ब्रजमोहन सोनी और निवृतमान अध्यक्ष रमेश पटेल कपूरी ने नए पदाधिकारियों को पिछले सत्र का हिसाब किताब सौंप कर पदभार ग्रहण करवाया। उन्होंने दोनों निर्वाचित पदाधिकारियों को




आत्मीय शुभकामनाएं दी। नई कार्यकारिणी की घोषणा बाद में कई जाएगी। फिलहाल सचिव और कोषाध्यक्ष सचिन तिवारी को मनोनीत किया गया है। मुख्यसंरक्षक भामाशाह अखिलेश राय , संरक्षक बृजमोहन सोनी और रमेश पटेल कपूरी सह संरक्षक दिनेश भैरवे को नियुक्त किया गया।

बैठक में मुख्यरूप से डॉ प्रदीप चौहान, दीपक पाटीदार, एडवोकेट आशीष सिटोके, एडवोकेट कुंदन वर्मा, लक्ष्मी नारायण वर्मा, एडवोकेट अनिल कुशवाह, सुनील राठौर, ठाकुर प्रसाद चंद्रवंशी उपस्थित रहे। इस मौके पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया।

## गुड मार्निंग क्लब की पहल, पौधरोपण के साथ संरक्षण की जिम्मेदारी का संकल्प

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर बड़ी संख्या में नियमित रूप से बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी ताजगी और शरीर को चुस्त रखने के लिए योगा, पैदल भ्रमण और खेल आदि की गतिविधि करते है। यहां पर आने वाले सभी ने गुड मार्निंग क्लब चर्च का गठन किया है। हर साल की तरह इस वर्ष भी पौधारोपण का निर्णय भी लिया है। इसको लेकर क्लब द्वारा आगामी दिनों में अनेक पौधा का रोपण किया जाएगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए क्लब की ओर से नटवर कुशवाहा ने बताया कि इसकी शुरूआत मैदान पर की गई। इस मौके पर क्लब के लोगों का कहना है कि जिस प्रकार शरीर को पोषण के लिए भोजन की आवश्यकता होती है, ठीक उसी प्रकार पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधों की आवश्यकता



होती है। इसलिए आज के दौर में पौधा रोपण होना जरूरी है। शुक्रवार की सुबह नपाध्यक्ष पिंरस राठौर ने भी मैदान पर पौधा रोपण किया था। इस मौके पर डॉ. एफए कुरैशी, अनिल राय, मधुर विजयवर्गीय, डॉ. गौरव ताम्रकार, जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया, प्रदीप वशिष्ठ, भारत गुप्ता, अजय अग्रवाल, भारत वारिया, दीपक शर्मा, पंकज, दिग्विजय सिंह, भागवत मालवीय, दिनेश राजपूत, प्रमोद राय, सौरभ झंवर, जितेन्द्र माहेश्वरी, वीरु वर्मा, दीनू राजपूत, केपी विश्वकर्मा, नवनीत तोमर, नटवर कुशवाहा, शैलू राय, महेश राणा, नितिन सोनी आदि शामिल थे।

## 'रामायण जीने के तरीके सिखाती, दूसरों की संपत्ति पर हमारा अधिकार नहीं'



**सीहोर।** रामायण हमें जीने के तरीके सिखाती है। दूसरों की सम्पत्ति चाहे कितनी भी मूल्यवान हो उस पर हमारा कोई अधिकार नहीं है। चौदह वर्ष वनवास पूर्ण करने के बाद भगवान श्रीराम जब वापस अयोध्या पहुंचे तो अयोध्यावासी खुशियों से झूम उठे।

रामायण हमें आदर, सेवा भाव, त्याग व बलिदान के साथ दूसरों की सम्पत्ति पर हमारा कोई अधिकार नहीं है, ऐसा सिखाती है। उक्त विचार शहर के छावनी स्थित जगदीश मंदिर स्थित परिसर में संगीतमय सात दिवसीय श्रीराम कथा के अंतिम दिवस कथा में पंडित राहुल कृष्ण आचार्य ने कहे। रात्रि साढ़े दस बजे कथा का समापन किया गया था और उसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। उन्होंने समापन अवसर पर लंका दहन, रावण वध के बाद राजतिलक का प्रसंग सुनाया। वीर हनुमान ने लंका पहुंचकर अशोक वाटिका उजाड़ी। जब राक्षसों ने हनुमान की पूंछ पर आग लगाई तो उन्होंने पूरी लंका को आगे के हवाले कर दिया। भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर माता-सीता को मुक्त करवाया।

उन्होंने बताया कि जिस प्रकार भगवान श्रीराम ने दीन-दुखियों, वनवासियों आदिवासियों के कष्ट दूर करते हुए, उन्हें संगठित करने का कार्य किया एवं उस संगठित शक्ति के द्वारा ही समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर किया। हर राम भक्त का दायित्व है कि पुनीत कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें।

### अधिवक्तागण से परिचर्चा की गई और उनकी समस्याओं को सुनकर उन पर विचार किया

# जिले में जल्द ही होगा ग्रीन न्यायालय भवन का निर्माण, नवीन ई-सेवा केंद्र का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

जिला न्यायालय में पोर्ट फोलियो माननीय न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल का आगमन हुआ। माननीय न्यायमूर्ति द्वारा जिला न्यायालय, सीहोर का निरीक्षण कर ई-सेवा केन्द्र का शुभारंभ किया गया।

इसके अतिरिक्त वृहद पौधरोपण अभियान के तहत मान्नीय न्यायमूर्ति द्वारा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र महोदय सतीश चंद्र शर्मा एवं जिला अभिभाषक संघ के पदाधिकारीगण सहित पौधरोपण अभियान का आरंभ किया गया।

माननीय न्यायमूर्ति द्वारा नवीन न्यायालय भवन हेतु आवंटित भूमि का निरीक्षण भी किया गया। इसके अतिरिक्त माननीय न्यायमूर्ति द्वारा जिला अभिभाषक संघ के सभागार में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर बार के पदाधिकारी एवं अन्य अधिवक्तागण से परिचर्चा




की गई एवं उनकी समस्याओं को सुनकर उन पर विचार किया गया एवं निराकरण के संबंध में आश्वस्त किया। माननीय न्यायमूर्ति द्वारा बार एवं बैंच की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई तथा आश्वासन दिया गया कि नव-निर्मित ई-सेवा केन्द्र के माध्यम से जन सामान्य को बहुत लाभ प्राप्त होगा। इसके अतिरिक्त शीघ्र ही नवीन न्यायालय भवन का निर्माण कराया जाऐगा, जिसमें सभी चिन्हित बिन्दुओं को ध्यान में रखा जायेगा। परिचर्चा के दौरान अभिभाषक संघ के उपस्थित सदस्यों द्वारा यह संकल्प लिया गया कि प्रत्येक सदस्य द्वारा पांच पौधे रोपित कर उन्हें गोद लेकर उनकी देखरेख एवं सुरक्षा करेगें। कार्यक्रम में न्यायाधीशगण सुमन श्रीवास्तव प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, संजय गोयल प्रथम जिला न्यायाधीश, अभिलाष जैन तृतीय जिला न्यायाधीश, एम.के. वर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अर्चना नायडू बोड़े मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जिला रजिस्ट्रार स्वप्नश्री सिंह, शुभा रिछारिया दीक्षित न्यायिक मजिस्ट्रेट, शिवानी श्रीवास्तव, हितैषी शर्मा एवं अभिभाषक संघ के अध्यक्ष राधेश्याम यादव, सचिव राजेश वर्मा, संजय भारद्वाज कोषाध्यक्ष, सह-सचिव ऋषभ दांगी, हृदेश वशिष्ठ पुस्तकालय अध्यक्ष, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप पहलवान, कमर अहमद सिद्धीकी, अनिल दुबे, रविन्द्र भारद्वाज, मुकेश सक्सेना, राजेश काशिव, शिवम अग्रवाल, अनिल पारे, बृजेन्द्र सिंह चंदेल, राजकुमार मालवीय एवं अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

**कार्यालय जनपद पंचायत बुदनी, जिला – सीहोर**

क्र. / 1605 / नांवघाट / ज.पं./2024 बुदनी, दिनांक 23.06.2024

**: विज्ञप्ति :**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद पंचायत बुदनी क्षेत्रांतर्गत आने वाले नांवघाटों की नीलामी दिनांक 01-07-24 को प्रातः 11.00 बजे जनपद पंचायत बुदनी के सभाकक्ष में रखी गई है, इच्छुक जो बोली लगाना चाहते हैं दिनांक 30-06-24 तक अपने आवेदन के साथ निर्धारित राशि जमा कर निर्धारित घाटों के अधीन बोली लगा सकते हैं।

नांवघाट नीलामी की शर्ते एवं नावघाटों की सूची, आवेदन फार्म जनपद कार्यालय में शाम 5.00 बजे तक उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत बुदनी

## टोल नाके से लालगढ़ तक 1 किमी दायरे के अधिकांश पोल हल्की सी आंधी में झुके

**विद्युत विभाग के सुपुर्द होने के पहले ही यह है हालत**

# घटिया बेस के चलते सप्लाई के पूर्व ही टेड़े हुए विद्युत पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विद्युत वितरण कंपनी एवं उसके विद्युत ठेकेदारों की लापरवाही के चलते भविष्य में बड़ी जनहानियां हो सकती हैं। कंपनी द्वारा बिजली ठेकेदार के मार्फत हाईवे के किनारे-किनारे डलवाई जा रही लाइन के लिए बिजली पोलों को जमीन में लगाने का काम इतना घटिया है कि पिछले दिनों चली हल्की आंधी के कारण ही सभी पोल टेड़े हो चुके हैं। बिजली विभाग द्वारा टोल नाके से लेकर लालगढ़ ग्रिड तक नई लाइन बिछाने का काम करवाया जा रहा है। इसके लिए बिजली ठेकेदार ने बेस में गुणवत्तापूर्ण सीमेंट-कांक्रीट मटेरियल का इस्तेमाल ही ठीक तरीके से नहीं किया।

यही कारण है कि आंधी के कारण निर्माण के दौरान ही अधिकांश बिजली पोल टेड़े होकर जमीन की तरफ झुक चुके हैं। यदि, मटेरियल अच्छी क्वालिटी का इस्तेमाल किया जाता तो इस तरह की नौबत नहीं आती। यहां यह भी बतादें कि संबंधित ठेकेदार ने अभी तक बिजली विभाग के सुपुर्द भी नहीं किया है या दूसरे शब्दों में काम अभी चल ही रहा है और यह लापरवाही सामने आ चुकी है। इस तरह की लापरवाहियां भविष्य में बड़े हादसों का कारण बन सकती हैं। कुछ पोल तो टेड़े होकर आसपास निवासरत लोगों के घरों के टीनशेड तक को टच कर दिया है।



### विद्युत विभाग ने स्टीमेट गलत बनवाया

विद्युत पोलों को लगाने का काम कर रहे ठेकेदार को भी इस लापरवाही के लिए पूरी तरह दोषी नहीं कहा जा सकता है। दरअसल, इसमें विद्युत विभाग के अधिकारियों की अनदेखी साफ जाहिर हो रही है। पोल गाड़ने के कार्य के लिए बनाए गए स्टीमेट में ही विद्युत पोल स्थापित करने हेतु सीमेंट-कांक्रीट मटेरियल बेस में डालना शामिल नहीं है। ऐसे में ठेकेदार अपने हिसाब से किसी तरह इन पोलों को जमीन में गाड़ रहे हैं। इसकी गुणवत्ता पहले ही बारिश और आंधी-तूफान में सामने आ चुकी है।

#### एक नहीं बल्कि अनेकों पोल हो चुके हैं टेड़े

लापरवाही का आलम सिर्फ एक विद्युत पोल के टेड़े होने तक सीमित नहीं है। टोल प्लाजा से लेकर लालगढ़ तक के करीब डेढ़ किमी तक बिछाए गए पोलों में से अधिकांष पोल इसी तरह टेड़े हो चुके हैं।

**इनका कहना है...**

ठेकेदार को इन पोलों के बेस में बोल्डर वगैरह डालकर अच्छा काम करने कहा है। बेस में सीमेंट-कांक्रीट डाला जाना स्टीमेट में शामिल नहीं है।

- **रवि बड़ोले, कनिष्ठ यंत्री,** राजगढ़-ग्रामीण डीसी, संभाग राजगढ़

# नया पुल प्रस्तावित, इसलिए खरला पुल की नहीं ले रहे सुध

## बमबम आश्रम के नजदीक इस पुल पर हो चुके हैं अनेकों गड्डे



**राजगढ़।** शहर की पुरानी दूध डेयरी के नजदीक बमबम आश्रम के ठीक पास स्थित खरला नाला पुलिया की हालत बद से बदहाल हो चुकी है। पुलिया पर अनेकों गड्डे होने से वाहन चालकों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गड्डों में बारिश का पानी भराने से बाइक चालक आए दिन दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। इसके साथ ही पैदल राहगीरों को भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खरला नाले का यह पुल राजगढ़ शहर को पुराने बस स्टैंड, पुरा क्षेत्र, जिला अस्पताल, इंदिरा कॉलोनी, रामलीला कॉलोनी, उत्कृष्ट विद्यालय व अनेकों स्थानों से जोड़ता है। ऐसे में इस पुलिया से प्रतिदिन सैकड़ों वाहनों का आवाजाही होती है। सुबह से शाम तक करीब 2 हजार से अधिक बाइकों का आना-जाना इसी पुलिया से होता है। पुलिया की खस्ताहालत के चलते लोग परेशानियां उठा रहे हैं पर नगर पालिका इसकी रिपेयरिंग की तरफ तनिक भी ध्यान नहीं दे रही है।

#### तीन साल से नया पुल बनना प्रस्तावित

*खरला नाले के इस पुल के पेरेलर एक नवीन पुल बनना प्रस्तावित है जिसका बजट आने के साथ ही पूर्व में एक ठेकेदार को काम भी सौंपा जा चुका था। इस बात को तीन साल हो चुके हैं लेकिन नवीन पुलिया निर्माण को जल्द करवाने के प्रति नपा के जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। नई पुलिया बाद में बने पर तब तक कमसकम इस पुलिय की रिपेयरिंग तो करवाई ही जा सकती है। स्थानीय लोगों ने नपाध्यक्ष विनोद साहू से इस ओर ध्यान दिए जाने की मांग की है।*




ब्यावरा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शहर के प्रोग्रेसिव हाइट्स आईसीएससी स्कूल के विद्यार्थियों ने योग किया।

**रात्रि में पहाड़ी के घुमावों पर हादसों का है खतरा**

# जालपा पहाड़ी की स्ट्रीट लाइटें एक हफ्ते पड़ी बंद



**राजगढ़।** क्षेत्र के प्रसिद्ध जालपा धाम शक्तिपीठ पर हाईवे से लेकर ऊपर मंदिर तक की सभी स्ट्रीट लाइटें या सड़क बत्तियां बीते करीब एक हफ्ते से खराब पड़ी हुई हैं। ऐसे में रात्रि के समय पूरी पहाड़ी पर अंधूरा पसरा रहता है। रात के समय कार या अन्य वाहनों से दर्षन करने आने वाले श्रृद्धालुओं को अंधेरे के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सड़कबत्तियों के खराब होने से न केवल श्रृद्धालुओं को परेशानी हो रही है बल्कि रात्रि के समय पहाड़ी के अंधे मोड़ों पर हादसों का भी खतरा बना हुआ है। इसके साथ ही पैदल राहगीरों को भी खासी दिक्कते उठानी पड़ रही हैं। इन सड़कबत्तियों को रिपेयर या सुधरवाने के लिए जालपा मंदिर ट्रस्ट प्रबंधन द्वारा भी कोई खास कदम नहीं उठाए गए हैं। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग के जिम्मेदारों से बंद पड़ी सड़कबत्तियों को चालू करवाने की मांग रखी है।

## 20 दिनों में नगर के विभिन्न मोहल्लों में हुई दर्जनों चोरी की वारदात

# खिलचीपुर में चोरों का आतंक, आमजन असुरक्षित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

विगत 20 दिनों से रोजाना खिलचीपुर नगर में कभी किसी मोहल्ले में तो कभी किसी कॉलोनी में तो कहीं सोमवारिया में तो कहीं कालाजी बलडी पर चोरी हो रही है। वहीं दिनदहाड़े बस स्टैंड पर मोबाइल छीनना, आदि घटनाएं लगातार हो रही है। यहां तक कि वाहनों से बैटरियां, ट्यूबवेल से मोटरें , विद्युत तार के बंडल तक चोरी हो रहे हैं, बावजूद इसके पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। अर्थात चोरों को पकड़ने में असफल है।

#### 20 दिनों के अंतराल में कहां-कहां हुई चोरियां

एक जून को आठ घरों में हुई चोरी जिसमे 2 घरों में हुई लाखो की चोरी जिसमे 6 घरों के ताले तोड़े गोविंद धाम,गायत्री कॉलोनी, रानी बाग। 8 जून को रामसिंह तंवर सोमवरिया करीब एक लाख से ऊपर की चोरी 17 जून को जल मंदिर के सामने स्थित खड़े ट्रैक्टर में से चोरों ने ट्रैक्टर से बैटरी चुरा ली चोर सीसीटीवी कैमरे में साफ दिखाई दे रहा है। 19 जून को श्याम मालाकार के कुआँ से मोटर और विद्युत केबल चोरी 20 जून को सोमवरिया स्थित माता जी गली बालचंद मोगिया पिता कैलाश चंद मोगिया के घर से 20,500 नगद और चांदी का करदोना और लड़की के सगाई के कपड़े आदि ले गए बालचंद मोगिया ने बताया चोरी रात्रि को लगभग दो-तीन बजे हुई है चोर छत के रास्ते से आए थे रात्रि को हम सभी परिवार सहित सो रहे थे संदूक का ताला तोड़ा और नगदी और कपड़ा अज्ञात चोरों द्वारा चुरा कर ले गए मजदूरी करते हैं।

**इनका कहना...**

पुलिस द्वारा टीम गठित कर ली गई है। नगर में जो भी चोरियां हो रही हैं। उसका बहुत जल्दी खुलासा होगा। पुलिस जांच करने में जुटी हुई है।

**रघुवीर सिंह धाकड़**
थाना प्रभारी खिलचीपुर

# भविष्य से भेंट कार्यक्रम संपन्न



**खुजनेर।** अमर शहीद मनीष विश्वकर्मा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुजनेर में मनोहर कुल्हरे सहायक अधीक्षक भू अभिलेख अधिकारी राजगढ़ एवं नगर के वरिष्ठ समाज सेवक लोकतंत्र सेनानी अशोक शर्मा पूर्व शिक्षक की उपस्थिति में भविष्य से भेंट कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक व अभिभावक धर्मेंद्र पाठक उपस्थित थे। विद्यालय में नवीन प्रवेश छात्रों को तिलक लगाकर, पुष्पहार पहनाकर, पुस्तक प्रदान कर प्रवेश उत्सव मनाया गया ।भविष्य से भेंट प्रेरक के रूप में पधारे मनोहर कुल्हारे सहायक अधीक्षक भू अभिलेख अधिकारी राजगढ़ द्वारा छात्रों को आशीष वचन दिए गए। नगर के वरिष्ठ समाज सेवक एवं लोकतंत्र सेनानी अशोक शर्मा पूर्व शिक्षक द्वारा विद्यालय की उत्तरोत्तर प्रगति के बारे में प्रशंसा व्यक्त की गई। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ललित विश्वकर्मा द्वारा भी प्रेरित उद्बोधन देकर बच्चों को मार्गदर्शन दिया। विद्यालय के शिक्षक मनोज शर्मा द्वारा गत वर्ष की गतिविधियों का संकलन स्मार्ट बोर्ड द्वारा प्रस्तुत किया गया। साथ ही शिक्षक मनोहर जायसवाल व आरपी वर्मा द्वारा छात्रों के उज्जवल भविष्य के मंगल कामना की गई। स्वल्पहार के साथ के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# पुराने गर्ल्स कॉलेज की जमीन संत रविदास भवन के लिए एलॉट

## कलेक्टर ने जमीन आबंटन को दी स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़


पुराने बस स्टैंड स्थित पुराने कन्या महाविद्यालय की रिक्त पड़ी शासकीय जमीन पर बहुत जल्द संत रविदास सामुदायिक भवन एवं कन्या छात्रावास का निर्माण होने वाला है। कलेक्टर राजगढ़ ने उक्त भूमि सर्वे क्रमांक 315/2 में से 1 हेक्टेयर जमीन आदिम जाति कल्याण विभाग को एलॉट कर दी है।

पार्षद प्रतिनिधि संदीप कटारिया ने बताया कि उक्त स्थान पर बेजा कब्जों और अतिक्रमण भी डर बना हुआ है। ऐसे में संत रविदास सामुदायिक भवन निर्माण हेतु जमीन की मांग काफी समय से समाजजनों द्वारा की जा रही है। काफी प्रक्रियाओं के बाद अंततः प्रशासन ने अब इसकी स्वीकृति दे दी है। इसके साथ ही सामुदायिक भवन निर्माण के लिए शासन द्वारा बजट आबंटन के साथ ही राशि भी जारी की जा चुकी है। अगर सबकुछ ठीकठाक रहा तो बहुत जल्द विभाग यहां कार्य शुरू करवा सकता है।

#### बेशकीमती है यह जगह

उल्लेखनीय है कि प्रषासन द्वारा रविदासजी के भवन व छात्रावास के लिए जो स्थान आबंटित किया गया है वह जमीन काफी बेशकीमती है। पूर्व में यहां कन्या महाविद्यालय लगा करता था जो सालों पहले बंद किया जा चुका है। ऐसे में अब इस लावारिस स्थान पर लोगों द्वारा अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन, यहां निर्माण कार्य हो जाने के बाद बेजा कब्जे, अतिक्रमण का भय खत्म हो जाएगा।

# ब्राह्मण गांव सरपंच संपतबाई दांगी का निधन



**माचलपुर।** पीपल्या कुल्मी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य जगदीश दांगी की धर्मपत्नी एवं ब्राह्मण गांव सरपंच संपतबाई दांगी का निधन हो गया। लंबे समय तक ब्राह्मण गांव पंचायत की सरपंच रही संपतबाई दांगी वर्तमान में भी सरपंच पद पर थीं। वे काफी दिनों से बीमार थी, इंदौर के बाद उन्हें इलाज के लिए दिल्ली भी ले जाया गया लेकिन दो दिन बाद ही उनका निधन हो गया। शनिवार को उनकी पार्थिव देह ब्राह्मण गांव लाई गई जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। सरपंच संपतबाई दांगी की शवयात्रा में अनेक सरपंच, जनप्रतिनिधि, जीरापुर जनपद पंचायत के कर्मचारी, शिक्षक गणों सहित गणमान्य नागरिकों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सरपंच संपतबाई दांगी की अंत्येष्टि में उनके पुत्र राजेश दांगी द्वारा मुखाग्नि दी गई। गांव में अनेक लोगों द्वारा शोक स्वरूप अपनी अपनी दुकानें बंद रखकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की गई।

**कलेक्ट्रेट पहुंचे अनेकों कृषक व भूमि मालिक**

# हेक्टेयर की बजाय वर्गमीटर से मुआवजा देने की रखी मांग



**राजगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग 752बी एवं 752सी के तहत जीरापुर में बाइपास का निर्माण करवाया जा रहा है। इसके लिए प्रशासन द्वारा भूमियों का अधिगृहण किया गया। जमीन मालिकों का कहना है कि पूर्व एसडीएम द्वारा वर्गमीटर से जमीन का अधिग्रहण न करते हुए हेक्टेयर के मान से किया गया है जो कि नियम विरुद्ध है।

ज्ञापन सौंपने पहुंचे लोगों ने बताया कि खिलचीपुर के बाइपास निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण में प्रथम 300 वर्गमीटर का मूल्यांकन 3400/3600 वर्गमीटर की दर से बाजार मूल्य की गणना गाइड लाइन अनुसार की गई था। जीरापुर में कृषकों की गणना करने में बाजार मूल्य प्रथम 300 वर्गमीटर 9200 रुपए लागू होती है। इसके अनुसार गणना न करते हुए हेक्टेयर के हिसाब से गणना की गई है। आरोप है कि एक ही अनुभाग के मुआवजा प्रकरण में दोपहरे मापदंड अधिकारियों लगाए गए हैं। यह विसंगति दूर करते हुए भूमिस्वामियों का प्रथम 300 मीटर कलेक्टर गाईडलाईन से मुआवजे का वितरण करवाया जाना चाहिए। ज्ञापन सौंपने आए लोगों में मुरलीधर, पूरीलाल, कमलसिंह, संजय, प्रभुलाल, कविता, नौरंगबाई, जगदीष, कैलाश, सुमनबाई, कविताबाई, प्रियंका, दिनेश सहित अन्य शामिल थे।

# भगवान कृष्ण की लीलाओं में जीवन की हर परिस्थिति का चित्रण : भागवत आचार्य



**कुरावर।** नगर में तलेन रोड पर वार्ड क्रमांक 10 में महिला मंडल एवं वार्ड वासियों द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शुक्रवार शाम को शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक संगीत में श्रीमद् भागवत कथा में आचार्य पंडित संतोष शर्मा ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं में जीवन की हर परिस्थिति का चित्रण है। उनका जन्म जहां विपरीत परिस्थिति में विपरीत जगह पर काल कोठरी में हुआ था और जब वह मां यशोदा के घर पहुंचे तो वहां पर स्वयं भगवान शंकर उनको देखने के लिए पहुंचे थे उसके बाद गोवर्धन पर्वत को एक उंगली पर उठाना जैसी लीलाओं का चित्रण ठीक उसी प्रकार है। जिस प्रकार मनुष्य के जीवन में बचपन से लेकर वृद्धि होने तक जीवन की हर परिस्थिति निर्मित होती है। जिसमें उसे सुखों से ज्यादा दुखों का सामना करना होता है क्योंकि दुख का सामना करने के बाद ही जीवन में सुख का प्रवेश होता है भगवान श्री कृष्ण ने भी जहां मामा कंस के साथ संघर्ष किया तो वही सामान्य जीवन में व्यधा डालने वाले देत्य राक्षसों से मथुरा गोकुल वृंदावन वासियों की रक्षा भी की भगवान श्री कृष्णा हमें यह प्रेरणा देते हैं कि जीवन की कोई भी परिस्थिति हो यदि हमें परिवार समाज से लड़ना भी पड़े तो उसमें भी हमें संयम एवं शांत भाव रखना होगी। जिससे हम हर परिस्थिति में होने वाली परेशानी से ईश्वर पर विश्वास कर कर आराम से निकल जाएंगे कथा में महिला श्रद्धालु अधिक संख्या में श्रवण करने पहुंच रही है तो वहीं पुरुष एवं नगर की समाजसेवी संस्थाएं भी कथा का आनंद ले रही है। आरती व महाप्रसाद जी का आयोजन भी आयोजन समिति द्वारा किया जा रहा है।

### जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले किए गए दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र अंतर्गत मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर मगरदा निवासी शारदा बाई कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सीताराम और प्रियंका कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मदसौर मिल क्षेत्र निवासी सपना पत्नी बादल जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि हेमराज जाटव,प्रिंस जाटव ने उससे मारपीट की। जिले के शाढौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुंड मोहल्ला शाढौरा निवासी महेन्द्र राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि राजू बैरागी और सोनू बैरागी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

**कृषकों ने जताया विरोध, स्थगन की भूमि पर कर रहे सीमांकन**

# आईटीआई के नाम पर आवंटित भूमि पर सीमांकन कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

आईटीआई भवन के लिए भूमि सीमांकन हुआ। नगर की गौशाला के सामने छापीहेड़ा-जीरापुर मुख्य सड़क मार्ग के समीप तीन हेक्टर भूमि में औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र आईटीआई भवन का निर्माण होना है।

भू-अभिलेख (कौशल विकास संचनालय) पत्र क्रमांक 320 दिनांक 18-4-2024 के अनुसार कस्बा जीरापुर स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना हेतु शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 1520/ 2/ 1 रकबा 25.443 हेक्टेयर में से तीन हेक्टेयर भूमि आईटीआई संस्थान हेतु आवंटित की गई है। इस भूमि का सीमांकन कार्य 22 जून 2024 शनिवार को किया गया। शासन के पत्र अनुसार सीमांकन करने के उपरांत आईटीआई प्राचार्य को सौंप कर कब्जा रसीद में पंचनामा प्रस्तुत करने की आदेश दिए गए। इस कार्य में आज सीमांकन कार्य किया गया। सीमांकन में जिले अधिकारी से लेकर बड़ी संख्या में राजस्व विभाग एवं पुलिस बल की मौजूदगी में सीमांकन कार्य शुरू हुआ। जिसमें छापीहेड़ा रोड से लेकर बटावदा रोड के मध्य स्थित भूमि का सीमांकन कार्य किया गया। जहां पर अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मेगाल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुशील कुमार , एसडीओपी आनन्द राय, तहसीलदार आरपी सिंह,पीडब्ल्यूडी हर्षित चौधरी, आईटीआई प्रिंसीपल हरीसिंह बोराणा,नायब तहसीलदार रामनिवास धाकड़, थाना प्रभारी रामकुमार भगत,सब इंस्पेक्टर अजय यादव, पटवारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। गौर तलब है कि आईटीआई भवन के लिए 1520/2 /1 भूमि अधिग्रहण करने हेतु सीमांकन किया जा रहा था तो सीमांकन को लेकर कृषक नवल सिंह गुर्जर ,गिरिराज टॉक, संजय गुर्जर ,प्रेम सिंह, बलराम टांक मानसिंह, रामबाबू सहित उपस्थित कृषकों ने बताया कि सीमांकन गलत तरीके से किया जा रहा है । पूर्व में जो सीमांकन हुआ वह छापीहेड़ा रोड साइड से लगभग 30 फीट बटावदा रोड साइड पर सीमांकन के दौरान तत्कालीन समय में निशान लगाए गए थे। उक्त भूमि पर स्थगन है न्यायालय के आदेश का पालन नहीं किया जा रहा। संजय सिंह गुर्जर का कहना सीमांकन में प्रदर्शित नहीं है पूर्व में छापीहेड़ा रोड से लेकर सीमांकन किया था जिसके निशान लगे हुए हैं अब दूसरी दिशा से सीमांकन किया गया।



**इनका कहना है**

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के लिए सीमांकन शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 1520/2/1 मे से किया गया है। सीमांकन वाली बात पर उनका कहना है वह भूमि 1522 के अंतर्गत आती है। जिसका कृषकों के पास स्थगन आदेश है उस भूमि पर हमारे द्वारा कोई छेड़छाड़ नहीं की गई।

**सुशील कुमार'** एसडीएम जीरापुर

**खबर संक्षेप**

## 12 वर्षीय शशांक ने साधार्मिक विधि से नव्वाणु यात्रा पूर्ण की



**आष्टा।** नगर के अमृतलाल -डाली डागलिया के एक मात्र 12 वर्षीय सुपुत्र शशांक डागलिया ने नव्वाणु यात्रा पूर्ण साधार्मिक विधि के साथ अपनी यात्रा 48 दिन मैं पूरी की। जिसके उपलक्ष्य में परिवार द्वारा 23 जून रविवार को श्री मालव गिरनार नेमिनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया है। दिवंगत माणकचन्द कमला बाई के सुपौत्र एवं अमृतलाल -डाली डागलिया के सुपुत्र शशांक डागलिया ने नव्वाणु यात्रा 48 दिनों में 108 बार करके बहुत कम आयु में अपना जीवन धन्य बनाया है। वहीं अपने परिवार व जिन शासन की शोभा बढ़ाते हुए इतिहास रचा है। स्नेहीजनों एवं रिश्तेदारों द्वारा इस तपस्वी का बहुमान 23 जून को सुबह 11 बजे किला मंदिर पर किया जाएगा।

## योग समस्त साधनाओं में सर्वश्रेष्ठ व सरल साधना : डॉ. मिश्रा

**आष्टा।** योग समस्त मोक्ष साधनाओं में सर्वश्रेष्ठ व सरल साधना है। सामान्य लोग आसन एवं प्राणायाम को ही योग समझते है, लेकिन योग का क्षेत्र अत्यन्त व्यापक है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने शारीरिक मानसिक व आध्यात्मिक विकास के लिये योग को अपनाना चाहिए। यह बातें शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय में विश्व योग दिवस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पुष्पलता मिश्रा ने कहीं। इस दौरान जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नीलेश खंडेलवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### पल्स पोलियो के साथ दस्तक अभियान अभियान की भी हुई शुरुआत

# पल्स पोलियो केंद्रों को सजाकर पांच वर्ष के बच्चों को पिलाई दो बूंद जिंदगी की





आष्टा शहर सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा/जावर

प्रदेश में बच्चों को दोहरी सुरक्षा देने के लिए रविवार से पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ हुआ। इसके लिए नगर की सभी आंगनबाडी केंद्रों पर जन्म से 5 साल तक के बच्चों को दो बूंद जिंदगी पिलाई गई। पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ वार्ड क्रमांक 1 और 13 से नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा किया गया। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने सभी नागरिकों और अभिभावकों से आग्रह किया कि वे इस अभियान में भाग लेकर अपने बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। 5 वर्ष तक के बच्चों को टीकाकरण के लिए नजदीकी पोलियो बूथ पर अवश्य लेकर पहुंचकर अभियान



को सफल बनाने में सहयोग करें। इस अवसर पर पार्षद डॉ सलीम खान, चिकित्सक जेडी सोनी, जुगलकिशोर मालवीय, किशोरीलाल कुशवाह सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका मौजूद थी।

### आंगनबाड़ी केंद्र पर पिलाई दो बूंद जिंदगी की



**जावर।** आंगनबाड़ी केंद्र बमुलिया रायमल में 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियों दवाई पिलाई गई। आंगनबाड़ी केंद्र को गुब्बारों से सजाया गया और साथ ही फुलों की रंगोली बनाई। बच्चों को बिस्कुट, चाकलेट वितरण किए गए और यह पोलियो अभियान 3 दिनों तक चलेगा। जिसके लिए 2 केंद्र बनाए गए है। आंगनबाड़ी, और गांव के राम मंदिर में पोलियो की खुराक पिलाई गई। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुसुम विश्वकर्मा ने बताया कि पोलियो की खुराक 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पिलाई जा रही है। कोई भी गांव में 0 से 5 वर्ष के बच्चे बच्ची छुटना नहीं चाहिए। अपने बच्चे की सुरक्षा में कोई चूक न होने दें। पोलियों की खुराक हर बार दिलाएं ऐसी लोगों से भी अपील की। हम लोग मिलकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ताओं घर घर जाकर भी पोलियो की खुराक पिलाएंगे। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कुसुम विश्वकर्मा, सहायिका सुनिता, आशा कार्यकर्ता निकिता ठाकुर, आशा कार्यकर्ता अनीता ठाकुर ने मिलकर आंगनबाड़ी केंद्र एवं राम मंदिर पर बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाई गई और सबसे अपील कि सभी अपने अपने बच्चों को 2 बुन्द पोलियो की खुराक पिलाए।

### वार्ड 18 में पिलाई पोलियो की दवा

आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड क्र.18 आष्टा में वार्ड की पार्षद लता तेजपाल मुकाती द्वारा बच्चो को पोलियो की दवा पिलाई गई।पोलियो सुरक्षा चक्र बनाये रखने के लिए मध्यप्रदेश में 23 से 25 जून तक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आष्टा के वार्ड 18 में भी बच्चों 'को पोलियो की दवा पिलाई गई।जिसमे वार्ड पार्षद लता तेजपाल मुकाती सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रही।

### विधायक ने अभियान का किया शुभारंभ

सिविल अस्पताल आष्टा मे विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा पल्स पोलियो अभियान और दस्तक अभियान का शुभारम्भ बच्चों को पोलियो कि दो बून्द पिलवाकर किया गया। इसी के साथ ही विधायक ने उपस्थित समस्त नागरिक गण से पल्स पोलियो अभियान के संबंध मे सपथ दिलाई। इस दौरान सिविल अस्पताल का स्टाफ उपस्थित था।

# रख रखाव के बाद भी घंटों गुल रहती है बिजली

### विभाग के जिम्मेदारों की अनदेखी



**जावर।** जगह-जगह इस तरह खराब हो रहे बिजली के तार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

वही गांव क्षेत्र में रोजाना केबल का जलना होता रहता है और केबल की यह हालत हो गई है कि जगह-जगह बिजली के कर्मचारियों ने केबल के टुकड़े कर कर जोड़ लगाकर कहीं जगह कट कर दिए हैं जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है और गांव क्षेत्र में बमुलिया रायमल में रोजाना केबल में आग लगती है और केबल झूल रही है।

गांव क्षेत्र में कि करीब जमीन से सिर्फ 5 से 10 फीट ऊंची ही रह गई है कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है लेकिन बिजली कर्मचारी इस ओर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं सिर्फ थोड़ी सी अवधि में लाइट बंद कर देते हैं गांव क्षेत्र में रोजाना केबल में आग लग जाती है तो कभी फाल्ट हो जाती है केवल की यह हालत हो गई है कि पूरी तरह नष्ट हो गई है और अब बारिश का समय आ गया है केई जगह करेंट। का डर लगा रहता है गांव में ट्रान्सफार्मर के नीचे झुलसते है तार हो सकता है बड़ा हादसा अभी एक दिन पहले 2 मवेशी को लगा था करंट। ग्राम बमुलिया रायमल में विगत 2 वर्षों से लाइनमैन स्टाफ की कमी होने से ग्रामीण जन हो रहे हैं परेशान है।

ग्राम बमुलिया रायमल में आए दिन केवल जलती है ग्राम के दिनेश शर्मा ने बताया कि विगत 2 वर्षों से लाइनमैन नहीं होने से रात में केवल जलती है तो कोई जिम्मेदार अधिकारी फोन नहीं उठाते हम कमल सिंह जो स्टाफ हेल्पर है उसे बोलते हैं तो वह कहता है कि मैं अकेला हूं और 6 गांव मेरे अंदर इसलिए वरिष्ठ अधिकारियों से निवेदन है की कम से कम दो लाइनमैन की व्यवस्था करें गांव में दिन भर बिजली रहती है गुल तो कभी रात भर 1 स्टाफ हेल्पर के भरोसे 6 गांव बिजली विभाग की लापरवाही का नतीजा गांव वालों को भुगतना पड़ रहा है।

### दोपहर बाद बारिश ने दी राहत



**आष्टा।** शनिवार सुबह से दोपहर तक उमस और गर्मी से लोग परेशान रहे। लेकिन दोपहर 3 बजे बाद अचानक मौसम बदला और झमाझम बारिश से पूरा शहर तरबतर हो गया। बता दे कि शुक्रवार से आष्टा क्षेत्र में मानसून की एंट्री के बाद बारिश का दौर शुरू हो गया है। शुक्रवार को जहां 2 घंटे बारिश हुई थी तो वहीं शनिवार को 3 बजे बाद मौसम बदला और करीब 1 घंटे झमाझम बारिश हुई बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे। शनिवार को भी बारिश से लोगों को गर्मी से भी राहत मिली और मौसम भी सुहावना हो गया। इधर किसानों ने बोवनी कार्य शुरू कर दिया है। अब 10 से 15 दिन किसान बोवनी कार्य में ही लगे।

# गेल इंडिया प्लांट में किसानों की जाने वाली निजी भूमि को लेकर विधायक ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा के भंवरा,भंवरी,बागेर क्षेत्र में गेल इंडिया प्लांट लगाने की दी गई स्वीकृति के बाद इस प्लांट में जिन किसान भाईयों की कृषि भूमि को प्लांट हेतु लिये जाने के लिये चिन्हित की गई है। उसको लेकर किसान तैयार नही है। इसको लेकर किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को एक ज्ञापन भी सौपा था।

तथा उक्त कई ग्रामो के किसान विधायक गोपालसिंह इंजीनियर से भी मिले थे तथा अपनी भावना से विधायक को अवगत कराया था। तब विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने क्षेत्र के किसानों को कहा था कि आपकी पीड़ा,आपकी समस्या, आपकी भावना को लेकर में जल्द ही



मुख्यमंत्री से मिलूंगा । इसी के तहत आज आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने भोपाल पहुच कर मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मिले एवं गेल इंडिया प्लांट में जिन किसान भाइयों की निजी भूमि चिन्हित की उनकी पीड़ा,उनकी भावना से मुख्यमंत्री को अवगत कराया और हम किस तरह से हमारे किसान भाइयों के हितों की रक्षा कर उनकी भावना का सम्मान करते हुए क्या कर सकते है को लेकर विस्तार से चर्चा कर इस क्षेत्र के किसानों को मुख्यमंत्री जी से मिलाने,चर्चा कराने की बात तय की गई। विधायक श्री गोपालसिंह इंजीनियर ने बताया कि मुख्यमंत्री जी स्वयं किसानों से भेंट कर उनसे चर्चा करेंगे,उनकी भावना को सुनेंगे । बताया गया कि जल्द ही विधायक आष्टा किसान भाईयों को भोपाल ले जा कर मुख्यमंत्री से मिलवाएंगे ।

## टीम ने किया निरीक्षण

**आष्टा।** नगर में शनिवार को पशु चिकित्सालय के प्रमुख यूए माहेश्वरी व डॉक्टर राजपूत ने अपनी टीम को निर्देशित कर आष्टा नगर में स्थित शमसान के पास बनी मां पार्वती धाम गोशाला का निरीक्षण कराया। इस दौरान गो माताओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य परीक्ष के दौरान कुछ गो माताओं का उपचार भी किया। इस मौके पर उपस्थित पशु चिकित्सालय के गो सेवक रमेश चंद, करण गोस्वामी, पीयूष गोस्वामी, मां पार्वती धाम गोशाला कोषाध्यक्ष संजय सुराणा, उपाध्यक्ष किरण दीदी, विशेष सहयोगी विपिन सिंघी, रवि कामरिया, मां पार्वती धाम गोशाला समिति अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह उपस्थित रहे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की थी। इस अभियान की शुरुआत सीहोर जिले के दोराहा मंडरल अध्यक्ष भाजपा सुरेश विश्वकर्मा अभियान के मण्डल प्रभारी राकेश पटेल ने ग्राम पाटन से की ओर गांव के लोगों ने बढ़ती गर्मी को देखकर इस साल पेड़ लगाने पर विशेष ध्यान देने का मन बनाया और इसकी शुरुआत



गांव के शिवमन्दिर पर पेड़ लगाकर की। कहा कि हम सभी को मिलकर पर्यावरण को फिर से हरा-भरा करना है। इस अवसर पर ग्रामीण गौतम पनवासिया ने बताया कि हमे हर साल वृक्षारोपन करना चाहिए और आने वाली पीढ़ी को शुद्ध वातावरण देना चाहिए। कार्यक्रम में जगन्नाथ वर्मा, मथुराप्रसाद पटेल, गब्बर वर्मा, सुनील जराती, रामचरण वर्मा, राधेश्याम मडलोई, कैलाश साहू, अमरसिंह, पटेल, विनोद वर्मा उपस्थित रहे।

# शिक्षा के हाल बेहालः भवन के अभाव में आंगनबाडी में तो कहीं ग्राम पंचायत में संचालित हो रही कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के हाल बेहाल है। क्षेत्र के स्कूलों के हालात यह है कि कहीं शिक्षक नहीं है कही बच्चों को बैठने के भवन नहीं है। जिससे छोटे-छोटे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। लेकिन शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों को इन सब बातो से कोई मतलब नही है। 15 जून से स्कूलों में नया सत्र शुरू हो चुका है।

18 जून से 20 जून तक पूरे प्रदेश में स्कूल चलो अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत शासकीय स्कूलों में प्रवेश उत्सव भी मनाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के कई स्कूलों में शिक्षकों की कमी है। कई स्कूलों को भवन के अभाव में आंगनबाड़ियों में लगाया जा रहा है तो कही पंचायत भवन में बैठाकर पढ़ाया जा रहा है। कई स्कूलों में बच्चों के लिए पानी की व्यवस्था नहीं है, कहीं टॉयलेट नहीं है। ग्रामीण क्षेत्र में स्कूलों की स्थिति बद से बद्तर है। लेकिन शिक्षा





विभाग के जिम्मेदारों का इस और ध्यान नहीं है। वही ग्राम रामपुरा कला के माध्यमिक शाला में 120 बच्चे अध्ययनरत हैं लेकिन उनको पढ़ने के लिए स्कूल में दो ही शिक्षक हैं। जबकि 20 से 30 बच्चों पर एक शिक्षक होना अनिवार्य है। ग्राम रामपुरा के सरपंच महेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि हमारे गांव में माध्यमिक शाला में 120 बच्चे पढ़ते हैं। जिन पर दो ही शिक्षक है। जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रवाहित हो रही है। हमारी शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से मांग है की हमारे स्कूल में बच्चों के मान से शिक्षकों की नियुक्ति की जाए जिससे बच्चों की अच्छी पढ़ाई हो सके।

### प्रतिदिन सुबह शाम लग रही धार्मिक कक्षा, श्रावक-श्राविकाएं ले रहे स्वाध्याय का लाभ

# व्यक्ति का मन बहुत खतरनाक होता हैः ब्रह्मचारी संजय भैय्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पंचेन्द्रीय के विषय भोग हर स्थिति में दुखकर एवं कष्टकर होते हैं। जैसे- जैसे यह विषय भोग हमें प्राप्त होते जाते हैं, उनमें हमारी अशक्ति बढ़ती जाती है।एक एक इन्द्रिय में रम कर व्यक्ति अपना सम्पूर्ण जीवन समाप्त कर देता है ओर मरण हो जाता है। व्यक्ति का मन सबसे ज्यादा खतरनाक होता है,मन की भूख कभी पूरी नही होती है।मोक्ष में आकुलता नही होती है।

उक्त उदगार श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर चल रहे दस दिवसीय मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज आध्यत्मिक ज्ञानार्जन शिविर के अवसर पर आचार्य पूज्यपाद द्वारा रचयित महान ग्रन्थ इष्टोपदेश की वाचना करते हुए ब्रह्मचारी संजय भैय्या पठारी ने कहीं।





उन्होंने बताया कि इक्षाएं जितनी ज्यादा होगी ,उतनीजिन कार्यो से आत्मा का भला होता है उनसे शरीर का भला नही होता।जिनसे शरीर का भला होता हो ,उनसे आत्मा का भला नही होता । संजय भैय्या ने कहा ध्यान चार प्रकार का बतलाया गया है ।आर्त ध्यान, रौद्र ध्यान,धर्म ध्यान,शुक्ल ध्यान।

धर्म ध्यान से ही चिंतामणी रत्न की प्राप्ति हो सकती है। आत्म कल्याण की भावना रखते है तो आप चिंतामणि रत्न की ओर आगे बढ़ रहे है। यदि संसार की ओर ध्यान है, आकांक्षा है तो खली का टुकड़ा प्राप्त करने की ओर है । हमारा ध्येय होना चाहिए कि जो कि उचित नही है ,उसे ग्रहण नही करें। ऐसे व्यक्ति से दूर रहे। ब्रह्मचारी संजय भैय्या पठारी ने कहा कि बुद्धिमान व्यक्ति को चिंतामणि रत्न को प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। 24 को परीक्षा आयोजित होगी दस दिवसीय उक्त शिविर का समापन 23 जून को होगा। अगले दिन 24 जून को शिविर में भाग लेने वाले सभी श्रावक - श्राविकाओं की परीक्षा होगी। प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना प्रतिभागी को पुरुस्कृत किया जाएगा।

# कराते की बेल्ट परीक्षा में बच्चों को मिला यलो बेल्ट





हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

मास्टर ऑफ ताऊ एसोसिएशन द्वारा बजरंग कॉलोनी सीहोर में कराटे बेल्ट परीक्षा का आयोजन किया गया। पंकज चौधरी ने बताया कि इस बेल्ट के लिए बच्चों ने 3 महीने तक मेहनत की थी। जिसमें इशिता रणकौशल, अंशीत सिंह राजपूत, श्लोक जामलिया, यशराज सिंह ठाकुर, आदर्श वर्मा, नवीन भदोदिया, वैभव गयाङ अनमोल जवरिया ने येलो बेल्ट प्राप्त किया। इस अवसर पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर नगर पालिका अध्यक्ष हैम रायसिंह मेवाड़ा नगर पंचायत कोठरी अध्यक्ष नागिन राधेश्याम दलपति पार्षद मनीष दिनेश जी चौधरी आदि ने उपलब्धि पर बधाई दी ।